## महत्वपूर्ण एवं खास

### प्लेसमेंट कैम्प 3 मार्च को, फील्ड सेल्स एक्जीक्यूटिव पदों पर की जाएगी भर्ती

**रायगढ़।** निजी क्षेत्र की रिक्तियों में प्लेसमेंट को बढ़ावा देने के लिए 3 मार्च 2022 को प्रात: 10:30 बजे से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में मेसर्स पेटिएम सर्विस प्रा.लि. 06 फ्लोर ब्लॉक 607 साकेत प्लाजा भाटापारा रायपुर में फील्ड सेल्स एक्जीक्यूटिव के लिए 25 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता कक्षा 10 वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। उक्त पद में भर्ती पश्चात आवेदक को 13 से 15 हजार रुपये की सैलरी के साथ अन्य भत्ते दिए जायेंगे। संबंधित व्यक्ति के पास खुद की मोटर साईकिल एवं स्मार्ट फोन होना आवश्यक है। इच्छुक आवेदक समस्त मूल प्रमाण पत्रों के साथ नियत तिथि एवं समय पर जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

### फसल में आग लगने से हुई आर्थिक क्षति के लिए सहायता राशि स्वीकृत

रायगढ़ । अनुविभाग खरसिया अंतर्गत अज्ञात कारणों से फसल में आग लगने से हानि होने के फलस्वरूप एसडीएम खरसिया द्वारा तहसील खरसिया के ग्राम-भेलवाडीह निवासी भुनेश्वर प्रसाद पिता स्व.आत्माराम को राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6 क 4 के तहत फसल हानि के लिए 1740 रुपये वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### रेडियो जनदर्शन में हुआ समस्या का निराकरण, एक को मिला विधवा पेंशन तो दूसरे को श्रवण यंत्र

**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह के द्वारा जिले में कलेक्टर रेडियो जनदर्शन का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। जिसमें आम जनता की समस्याओं को सुनने और उसका निराकरण करने का प्रयास जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। रेडियो जनदर्शन के माध्यम से आम जनता सीधे कलेक्टर सिंह से संवाद कर रहे है। साथ ही जनता द्वारा बताये गये समस्याओं का त्वरित निराकरण करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसमें अब तक प्राप्त प्रकरणों में से आवेदन कर्ता चौकरो राम यादव ग्राम जमरगी धरमजयगढ़ के द्वारा अपने पुत्रवधु को विधवा पेंशन न मिलने संबंधी निवेदन किया गया था। जिसे मुख्यमंत्री विधवा पेंशन स्वीकृति कर आर्थिक सहायता प्रदान की गयी। बड़े अतरमुड़ा रायगढ़ निवासी विजय लक्ष्मी के द्वारा कृष्णा देवी जायसवाल के लिए श्रवण यंत्र की मांग की गयी थी।

### दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस 2 व 4 मार्च को रद्द रहेगी

**रायपुर (आरएनएस)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर रेल मंडल के अनूपपुर तक तीसरी लाइन कनेक्टीविटी का कार्य के कारण दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस 2 व 4 मार्च को रद्द रहेगी। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के सभी कार्यों को शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है । इसी संदर्भ में अधोसंरचना विकास हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत छुलहा-अनूपपुर सेक्शन में तीसरीलाइन कनेक्टीविटी का नॉन इंटरलॉकिंग (एन आई) कार्य 27 फरवरी से 08 मार्च तक 10 दिन तक किया जायेगा। इस कार्य के फलस्वरूप 02 एवं 04 मार्च को दुर्ग से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18201 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

# साइबर क्राईम के 3 अंतर्राज्जीय आरोपी गिरफ्तार... कार, तीन मोबईल, एटीम कार्ड रिकार्डर सहित अन्य सामग्री जब्त

**❑ कार से घूम-घूम कर एटीएम कार्ड रीडर से लेते थे डाटा और दूसरे स्टेट में निकालते थे रुपए**



**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन तथा एडिशनल एसपी लखन पटले व एसडीओपी खरसिया निमिषा पाण्डेय के मागदर्शन पर खरसिया पुलिस को माह के भीतर साइबर क्राईम मामले में दूसरी सफलता मिली है। इसी माह चौकी खरसिया द्वारा आईडीएफसी बैंक खरसिया से निकाले गये पूर्व कर्मचारी द्वारा बैंक के ग्राहक से किये गये फ्रॉड का फांडाफोड कर मामले में दो आरोपियों को पकड़ा गया था जिन्हें धोखाधड़ी के अपराध में जेल भेजा गया है।

वहीं पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर खरसिया एसडीओपी द्वारा खरसिया शहर एवं आऊटर पर गस्त काफी कड़ी कर दी गई है जिससे पुलिस के हाथ लगातार चोर तथा आपराधिक किस्म के व्यक्ति हाथ आ रहे हैं। इसी क्रम में दिनांक 27.02.2022 के दोपहर पेट्रोलिंग दौरान चौकी खरसिया स्टाफ द्वारा ओडिशा पासिंग कार OD 14 Q-9859 में घूम रहे तीन लड़कों से पूछताछ किये तो तीनों लड़के खरसिया में कहां आये थे और कहां जा रहे हैं तक नहीं बता पाये। लड़को के कार को बारीकी से चेक किया गया जिसमें एक टी-शर्ट "Discovery MAKE YOUR ONE" को पुलिस स्टाफ पहचान गई जो ATM क्लोनिंग दौरान पहने हुये लड़के ने पहन रखा था तीनों को चौकी खरसिया लाया गया जिनसे कड़ी पूछताछ में तीनों अपना नाम -मो0 इब्राहिम, अमित साहा और प्रफुल्ल कुमार निवासी बिरमित्रापुर जिला सुंदरगढ़ (उड़िसा) के रहने वाले बताये तथा तीनों घूम-घूम कर खरसिया-रायगढ़ क्षेत्र के ATM बूथ में कार्ड रीडर लगाना बताये। आरोपियों ने बताया कि 1 मार्च से सभी ATM चिप वाले हो जायेंगे जिसकी क्लोनिंग मुश्किल है इसलिये ज्यादा से ज्यादा ATM क्लोनिंग करना चाह रहे थे।

दरअसल खरसिया क्षेत्र के एटीएम बूथ में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा कार्ड रीडर में छेड़छाड़ कर ग्राहकों के एटीएम डाटा लेकर एटीएम क्लोनिंग कर पैसा निकाले जाने की जानकारी ATM में रूपये डालने वाली कम्पनी के ड्रिस्ट्रिक्ट एक्जिकेटिव त्रिलोचन साव द्वारा खरसिया पुलिस को दी गई थी। चौकी प्रभारी खरसिया द्वारा ऐसे ATM तथा ATM के बाहर लगे CCTV कैमरों का फुटेज लिया गया था जिसमें तीन संदिग्ध लड़कों की तस्वीरें प्राप्त हुई थी। थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक सुमत राम साहू तथा चौकी प्रभारी उप निरीक्षक नंद किशोर गौतम द्वारा अपने स्टाफ को पेट्रोलिंग दौरान अपने स्टाफ ATM बूथ आसपास विशेष तौर पर निगाह रखने निर्देशित किया गया था जिस पर पुलिस को सफलता मिली है।

आरोपी मो0 इब्राहिम बताया कि हाई स्कूल तक की पढाई किया है। कपड़ा बेचने का काम करता है पिछले एक साल से अपने साथी अमित साहा एवं प्रफुल्ल कुमार राय के साथ एटीएम क्लोनिंग कर एटीएम से पैसा निकालने का काम कर रहा है। तीनो अलग अलग प्रदेश जाते हैं और स्वयं से तैयार किया हुआ एटीएम कार्ड रिकार्डर एटीएम में लगाकर बैंक ग्राहकों के एटीएम का डाटा लेते हैं फिर दूसरे प्रदेश के अनअपग्रेड ATM से रूपये निकालते हैं। इस कार्य के लिए दिनांक 25.02.2022 को अमित साहा और प्रफुल्ल कुमार राय के साथ राउलकेला से वाहन क्रमांक ओडी 14 क्यू 9859 एस क्रास कार से खरसिया आये और एटीएम कार्ड रिकार्डर को सुबह मेन रोड के एटीएम को पेचकस और चाबी के मदद से खोलकर लगाये गाया और वहीं आसपास खड़े होकर ATM जाने वालों पर निगाह रखकर जैसे कोई जाता अंदर रूपये निकालने के नाम पर जाते और छिपकर ग्राहक के ATM पिन नम्बर देखकर उसी समय अपने मोबाइल पर उस नम्बर को डायल कर पिन क मोबाइल पर सेव रखे रहते थे और कार्ड रीडर के डाटा को पुराने ATM में इस्टांल कर रूपये निकालने का प्लान था जो पहले भी कर चुके हैं। आरोपी बताया कि इसके पूर्व माह अक्टूबर 2021 में कार्मेल स्कुल रायगढ़ के पास एटीएम में डिवाइस लगाकर एटीएम कार्ड क्लोनिग कर 70,000 रूपये तथा इसी साल चक्रधरनगर क्षेत्र के ATM में डिवाइस लगाकर कार्ड की क्लोनिंग कर 40,000 रूपये निकाले थे। आरोपियों द्वारा रायगढ़, खरसिया, चाम्पा, महासमुंद, सक्ती तथा ओडिशा के कई जिलों में इसी प्रकार ATM कार्ड की क्लोनिंग कर रूपये निकाले हैं। आरोपियों द्वारा बिहार में सक्रिय ATM क्लोनिंग गैंग से क्लोनिंग सीखना बताये हैं। आरोपियों को प्रार्थी त्रिलोचन साव, ड्रिस्ट्रिक्ट एक्जिकेटिव, ट्रांजेक्शन साल्युशन इन्टरनेशनल प्राईवेट लिमिटेड कंपनी के रिपोर्ट पर दर्ज थाना खरसिया (चौकी खरसिया) के अप.क्र. 96/2022 धारा 417, 420 आईपीसी एवं 43, 66 आईटी एक्ट में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

**गिरफ्तार आरोपी –**

(1) मो0 इब्राहिम उर्फ छोटू पिता मो0 इसराइल उम्र 28 साल

(2) प्रफुल्ल कुमार राय पिता शम्भूनाथ राय उम्र 35 वर्ष दोनों हाथीबाड़ी तहसील बिरमित्रापुर जिला सुंदरगढ़ उड़िसा

(3) अमित साहा पिता बोलाई चंद्र शाहा उम्र 27 साल हाउस नंबर 3/188 काशीम बाजार राजमहल साहेबगंज झारखण्ड हाल मुकाम हाथीबाड़ी तहसील बिरमित्रापुर जिला सुंदरगढ़ उड़िसा।

## नाबालिग से दुष्कर्म के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया रिमांड पर

**❑ तमनार थानाक्षेत्र की घटना, पिछले तीन माह से फरार था आरोपी, पोक्सो एक्ट में गया जेल**



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर तमनार पुलिस द्वारा पिछले तीन माह से गिरफ्तारी के भय से लुक छिप रहे आरोपी राजा चौहान को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

दिनांक 08.11.2021 को रिपोर्टकर्ता रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसकी नाबालिग भतीजी उसके साथ रहकर पढाई कर रही थी तो दिनांक 05.11.2021 को घर में बिना बताये कहीं चली गई है, तमनार पुलिस अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 363 IPC का अपराध पंजीबद्ध किया गया। बालिका की पतासाजी दौरान दिनांक 22/11/2021 को ग्राम रायकेरा, तमनार में बालिका मिली जिसका महिला अधिकारी से कथन कराने पर लमदरहा निवासी राजा चौहान शादी का प्रलोभन देकर भगा ले जाना और शारीरिक संबंध बनाना बतायी। प्रकरण में धारा 366, 376 भा.द.वि एवं 06 पॉक्सो एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी की पतासाजी की जा रही थी। जिसे आज थाना प्रभारी तमनार उपनिरीक्षक जीपी बंजारे द्वारा मुखबिर सूचना पर तमनार में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी राजा चौहान उर्फ पिन्टू पिता कार्तिकराम चैहान उम्र 24 वर्ष निवासी लमदरहा थाना तमनार जिला रायगढ का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर रिमांड पर भेजा गया है।

## स्कूटी में महुआ शराब की तस्करी करते दो आरोपी गिरफ्तार, 14 लीटर महुआ शराब व एक्टिवा जब्त

**❑ मादक पदार्थ गांजा व शराब पर बरमकेला पुलिस कर रही लगातार कार्रवाई**



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन तथा एडिशनल एसपी लखन पटले, एसडीओपी सारंगढ़ प्रभात पटेल के मार्गदर्शन पर सारंगढ़ अनुविभाग में बरमकेला पुलिस लगातार मादक पदार्थ गांजा एवं शराब की तस्करी पर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आज दिनांक 28/02/2022 को ग्राम भ्रमण कर रहे पेट्रोलिंग पार्टी को टीआई बरमकेला निरीक्षक एल.पी. पटेल द्वारा चांटीपाली चौंक पर जाकर शराब रेड कार्रवाई का निर्देश दिया गया स्टाफ द्वारा मुखबिर सूचना पर स्लेटी रंग के एक्टिवा वाहन पर अवैध शराब की तस्करी कर रहे दो आरोपियों को पकड़ा गया है।

दरअसल थाना प्रभारी एलपी पटेल को आज दिनांक 28.02.2022 के सुबह मुखबिर से सूचना मिला की चांटीपाली की ओर से दो लड़के स्कूटी में महुआ शराब लेकर बेचने जा रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा प्रधान आरक्षक शंभू पांडे के नेतृत्व में पुलिस टीम चांटीपाली चौक रवाना किया गया जहां स्लेटी रंग के स्कूटी के पैरदान पर एक 15 लीटर का डिब्बा रखकर दो युवकों को पुलिस टीम में जो व्यक्ति वह शराब लेकर आते दिखे जिनसे पूछताछ करने पर अपना नाम शिव कुमार खुंटे पिता सरजू खुंटे उम्र 25 तथा दिनेश मिरी पिता परदेशी मिरी उम्र 24 वर्ष दोनों निवासी गोबरसिंघा थाना बरमकेला बताएं। आरोपियों के पास 14 लीटर महुआ शराब कीमती ₹2800 का जप्त किया गया है। आरोपियों के कृत्य पर थाना बरमकेला में आबकारी एक्ट की धारा 34(2),59(क) के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को सीजीएम कोर्ट रायगढ़ न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। कार्यवाही में निरीक्षक थाना प्रभारी बरमकेला एल.पी. पटेल प्रधान, आरक्षक शंभू पांडे, आरक्षक नंदकुमार चौहान, कन्हैया चौहान, विजय यादव मिनकेतन पटेल की सराहनीय भूमिका रही है।

## शादी कार्यक्रम में डीजे बंद कराने को लेकर बारातियों से मारपीट

**❑ घरघोड़ा पुलिस 10 नामजद आरोपियों पर दर्ज की हत्या का प्रयास और बलवा का अपराध**

**❑ सात आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया रिमांड, सातों गये जेल**



**रायगढ़।** थाना घरघोड़ा अन्तर्गत ग्राम रायकेरा सिदारपारा में शादी कार्यक्रम में डीजे बंद कराने की बात से नाराज युवकों द्वारा बारातियों की लाठी डंडे से पिटाई कर उनके पिकअप वाहन को तोड़फोड़ किया गया था। थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित सिंह द्वारा आहतों के मुलाहिजा रिपोर्ट एवं एक राय होकर घटना को अंजाम देने के मामले में 10 आरोपियों पर बलवा सहित हत्या का प्रयास का अपराध दर्ज कर 07 आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। तीन आरोपी घटना के बाद से फरार है।

मारपीट के आहत सुनील कुमार चन्द्रा (25 साल) निवासी ग्राम चीतापाली थाना छाल बताया कि गांव के हेमंत राठिया के शादी बारात कार्यक्रम में अपने गांव से घरघोड़ा ग्राम रायकेरा सिदारपारा तुलसी राठिया के घर गये थे। शाम करीब 04/30 बजे परघनी कार्यक्रम समाप्त होने पर डीजे बाजा को बंद कराकर खाना खा रहे थे। तभी डीजे को क्यो बंद कर दिये कहते हुये जेठू राम सिदार, कुलदीप राठिया, मुकेश यादव, टकेश्वर राठिया निवासी रायकेरा, परशु एक्का, अजय चौहान, जोहन लकडा, संतकुमार एक्का निवासी बिच्छीनारा, राहुल उरावं निवासी घरघोडा, राजेश नगेशिया निवासी रामपुर एक राय होकर मोटर सायकल से डण्डा लाठी आये और डीजे को क्यो बंद किये कहकर गाली गलौज कर पीकअप CG 13 AN 4988 को तोडफोड करने लगे सुनील औश्र उसके साथियों द्वारा मना करने पर सुनील, टीका राम राठिया, रवि दास महंत, मनोज राठिया, संत कुमार चौहान निवासी चितापाली के साथ जेठू राम सिदार और उसके साथी मारपीट किये। घटना के संबंध में थाना घरघोड़ा में आरोपियों पर अप.क्र. 49/2022 धारा 147, 148, 341, 294, 506, 323, 307,427 IPC का अपराध दर्ज कर आरोपी (1) जेठूराम सिदार पिता घसिया राम सिदार उम्र 23 वर्ष निवासी रायकेरा थाना घरघोड़ा (2) मुकेश यादव पिता तिहारू यादव उम्र 20 वर्ष निवासी रायकेरा थाना घरघोड़ा (3) परशुराम एक्का पिता कमल साय एक्का उम्र 22 वर्ष निवासी बिच्छीनारा थाना घरघोड़ा (4) अजय चौहान पिता कंठीराम चौहान उम्र 19 वर्ष निवासी बिच्छीनारा (5) जोहल लकड़ा पिता गुरुवारु लकड़ा उम्र 20 वर्ष निवासी बिच्छीनारा (6) संत कुमार का पिता कांशीराम का उम्र 19 वर्ष निवासी बिच्छीनारा (7) राजेश नगेसिया पिता भिखारी नगेसिया उम्र 19 साल रामपुर (रायकेरा) को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने मेमोरेंडम पर एक राय होकर मोटर साइकिल में मारपीट करने आना बताएं। आरोपियों के मेमोरेंडम पर तीन मोटरसाइकिल - बिना नंबर सफेद रंग पल्सर बाइक एनएस 200, बिना नंबर एक स्लेटी रंग पल्सर एनएस 160 तथा एक टीवीएस अपाचे आरटीआर 160 तथा आरोपियों से लकड़ी का डंडा जप्त कर आरोपियों को रिमांड पर भेजा गया है। तीन आरोपी फरार है, जिनकी गिरफ्तारी के लिये मुखबिर लगाये गये हैं।

## मोटर सायकल पर गांजा की तस्करी कर रहा तस्कर गिरफ्तार, 8 किलो गांजा और बाइक जब्त

**❑ चक्रधरनगर पुलिस की मेडिकल कॉलेज रोड़ पर रेड कार्रवाई**

**रायगढ़।** ओडिशा से एकताल के रास्ते शहर में अवैध रूप से बिक्री करने ला रहे गांजा के साथ आरोपी युवक को चक्रधरनगर पुलिस द्वारा दिनांक 27-28.02.2022 के रात्रि मेडिकल कॉलेज रोड़ पर नाकेबंदी कर पकड़ा गया है। आरोपी के पास से 8 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती 40,000 रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल की जब्ती की गई है।

जानकारी के अनुसार दिनांक 27.02.2022 के रात्रि थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक अभिनव कांत सिंह को मुखबिर से सूचना मिला कि एक युवक HF डिलक्स मोटर सायकल पर एकताल रोड तरफ से गांजा लेकर जाने वाला है। अवैध मादक पदार्थ की अफरा तफरी न हो जाये जिसे देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर थाना प्रभारी द्वारा एकताल के रास्ते मेडिकल कॉलेज के पास स्टाफ को नाकेबंदी का पाइंट दिया गया। देर रात पुलिस टीम द्वारा एक युवक को मोटर सायकल में प्लास्टिक बोरा बांध कर आते देख रोका गया। युवक अपना नाम शत्रुघन चौहान पिता सुग्रीव चौहान उम्र 21 वर्ष साकिन घुघवा थाना पुसौर जिला रायगढ का होना बताया जिसे चेकिंग की जानकारी देकर उसके बोरा को चेक किया गया जिसमें 08 किलो मादक पदार्थ कीमती 40,000 हजार रूपये का पाया गया। आरोपी द्वारा ओड़िशा से गांजा लाकर रायगढ़ में अवैध रूप से खपाना बताया गया।

## जिला पुलिस बल रायगढ़ के दो पुलिसकर्मी हुए सेवानिवृत्त, दो को मिली पदोन्नति

**❑ निरीक्षक महादेव राम चौहान और प्रधान आरक्षक जगबंधु पटेल हुए सेवानिवृत्त**

**❑ आरक्षक चंद्रशेखर दास महंत और हुकुम साय पैकरा बने प्रधान आरक्षक**

**रायगढ़।** जिला पुलिस बल रायगढ़ में सेवा दे रहे थाना यातायात में कर्तव्यस्थ निरीक्षक महादेव राम चौहान एवं पुलिस कार्यालय (DCRB) में कार्यरत प्रधान आरक्षक जगबंधु पटेल अपनी अर्धवार्षिक आयु 62 वर्ष पूर्ण करने उपरांत आज दिनांक 28/02/2022 को सेवानिवृत्त हुए। पुलिस कार्यालय में दोनों सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटेल द्वारा दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं देकर शाल श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया गया। एसपी मीणा द्वारा पुलिसकर्मियों के परिवारजनों की जानकारी लिया गया और कभी भी कोई मदद की आवश्यकता पकड़ने पर विभाग से सहयोग लेना बताये। इस दौरान सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को प्रतीक चिन्ह भी भेंट किया गया।

वहीं जिला पुलिस बल रायगढ़ के चालक आरक्षक चंद्रशेखर दास महंत (चंद्रु) तथा हुकुम साय पैकरा द्वारा बिलासपुर रेंज में आयोजित आरक्षक (चालक) से प्रधान आरक्षक (चालक) की पदोन्नति परीक्षा उत्तीर्ण करने पर प्रधान आरक्षक (चालक) के पद पर पदोन्नति प्राप्त किये हैं, जिन्हें आज कार्यालय में पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा दोनों पुलिसकर्मियों के बांह पर लाल फीता लगाकर पदोन्नति की शुभकामनाएं दिया गया है। कार्यक्रम दौरान आरआई अमरजीत खुंटे तथा कार्यालयीन स्टाफ भी मौजूद थे।

## महात्मा गांधी नरेगा योजना से हुआ डबरी निर्माण, ग्रामीणों को मिला रोजगार

**❑ फूलसिंह ने मक्का से कमाएं 50 हजार रुपये, मछली पालन व सब्जी उत्पादन से हो रहा अतिरिक्त आय**



**रायगढ़।** महात्मा गांधी नरेगा योजना कई अर्थो में ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए फायदेमंद साबित हो रहा है। योजना से ग्रामीणों को रोजगार प्रदान करने के साथ ही उनके स्थायी आय का भी जरिया निर्मित हो रहा है। वन अधिकार पट्टा प्राप्त भूमि पर मनरेगा के तहत कार्य होने से हितग्राहियों को जहां दोगुना लाभ मिल रहा है, वहीं ग्रामीणों को रोजगार सृजन का भी लाभ मिला है।

जिले के धरमजयगढ़ जनपद पंचायत में महात्मा गांधी नरेगा योजना अन्तर्गत वन अधिकार पट्टा के तहत प्राप्त भूमि पर हितग्राहियों को योजनान्तर्गत लाभ प्रदाय कराने तथा रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत दुर्गापुर निवासी फूलसिंह सिंह का डबरी निमार्ण कार्य ग्राम पंचायत प्रस्ताव के आधार पर जिला पंचायत रायगढ़ से प्रशासकीय स्वीकृत प्रदाय किया गया है। स्वीकृत कार्य का प्रशासकीय स्वीकृति आदेश प्राप्त होने के पश्चात् तत्काल कार्य को प्रारंभ कर जॉबकार्ड धारी परिवार के सदस्यों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। डबरी निर्माण कार्य स्वीकृति से ग्रामीणों को 517 दिवस का रोजगार प्राप्त हुआ।

महात्मा गांधी नरेगा कार्य से पहले फूलसिंह को रोजगार की तलाश में ग्राम पंचायत के बाहर जाना पड़ता था, किन्तु हितग्राही के भूमि पर डबरी निर्माण कार्य स्वीकृत होने पर हितग्राही को ग्राम पंचायत में रोजगार मिला तथा कार्य पूर्ण होने से हितग्राही का परिसम्पति का निर्माण हुआ है। अब फूलसिंह अपनी डबरी में मछली पालन के साथ डबरी के मेड पर अरहर का भी उत्पादन कर रहे है। इसके अलावा डबरी के पानी से सिंचाई कर साग-सब्जी, चना, मुंगफली तथा मक्का उत्पादन भी किया जा रहा है। जिससें हितग्राही को आर्थिक लाभ मिल रहा है।

हितग्राही द्वारा डबरी निर्माण के पश्चात मेड़ पर अरहर तथा मक्का लगाया है। जिससें से लगभग एक क्विंटल अरहर के दाल कि ऊपज हुई है तथा मक्का उत्पादन से हितग्राही को राशि 50 हजार रूपये का लाभ मिला है। डबरी निर्माण कार्य होने के बाद हितग्राही फूलसिंह तथा उसके परिवार के जीवन स्तर में बदलाव आया है। सिंचाई के लिए साधन उपलब्ध होने के बाद हितग्राही द्वारा बाड़ी में सब्जी का उत्पादन कर रहे है। जिससे अतिरिक्त आय प्राप्त हो रहा है, इससे बच्चों कि पढ़ाई के साथ ही घर कि दैनिक जीवन आवश्यक वस्तुओं की पूर्ति फूलसिंह बड़ी आसानी से कर पा रहे है।

फूलसिंह के डबरी निर्माण कार्य पूर्ण होने पश्चात इसके लाभ से ग्राम पंचायत दुर्गापुर में योजना का अच्छा प्रतिसाद देखने को मिल रहा है। जिससे ग्राम पंचायत के अन्य ग्रामीण योजना के तहत कार्य करने तथा कार्य स्वीकृति की मांग कर रहे है। महात्मा गांधी नरेगा योजना के अन्तर्गत रोजगार मूलक कार्यो के सफल क्रियान्वयन के लिए ग्रामीणों ने शासन का आभार व्यक्त किया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480